आज दिनांक 10-03-2021 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में आंतरिक गुणवत्ता आश्वस्त प्रकोष्ठ की 28वीं मीटिंग बुलाई गयी । डॉ० मनोज शुक्ला (समन्वयक) ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए मीटिंग का शुभारम्भ किया । प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता ने सभी नए सदस्यों का स्वागत किया और उनकी उपलब्धियों की जानकारी दी । नए बाहरी सदस्यों में श्री विनोद मित्तल (सचिव, गवर्निंग बॉडी, अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़), प्रो० संदीप ग्रोवर (जे० सी० बोस वाई० एम० सी० ए० यूनिवर्सिटी ऑफ़ साइंस एन्ड टेक्नोलॉजी, फरीदाबाद), श्रीमती जया गोयल (विख्यात महिला उद्यमी), श्री रमन हांडा, श्री एम० सी० मित्तल, श्री रोमेश चौधरी, श्री सुनील गर्ग, प्रो० एस० के० चक्रवर्ती, डॉ० रेखा गोयल प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।

डॉ० मनोज शुक्ला ने इस मीटिंग में कॉलेज में यू० जी० सी० द्वारा पोषित परामर्श स्कीम के अंतर्गत मणिपुर राज्य के कॉलेजों में नैक सम्बंधित सेमिनार एवं कार्यशाला के आयोजनों की जानकारी दी । इस मीटिंग में महाविद्यालय में पांच नए कार्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव रखा गया जो की निम्न हैं -

1. पठन-पाठन के लिए नव तकनीक, नव रूप-रेखा व नयी सोच को प्रतिपादन करना ।

2. कौशल एवं उद्यमशीलता केंद्र की स्थापना एवं संचालन करना ।

3. महाविद्यालय से निगम प्रस्थान, नयी सोच-नयी दिशा ।

4. नव युवती - नव लेखिका क्लब की शुरुआत।

5. कॉलेज में राष्ट्रिय एवं अंतर्राष्ट्रीय गोष्ठियों का आयोजन एवं सहभागिता करना।

सभी विशेषज्ञों ने इन बिंदुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किये एवं सभी की सहमति से पारित कर दिया गया । प्राचार्य डॉ० कृष्ण्कांत जी ने सभी कार्यों के लिए कमेटी गठित करने के बारे में अवगत कराया तथा सभी आंतरिक गुणवत्ता आश्वस्त प्रकोष्ठ के सदस्यों का मीटिंग में सहभागिता एवं विचार रखने के लिए धन्यवाद किया ।